(b) whether it is a fact that the new resolution regarding accrual at the rate of five per cent enactedd uring May, 1988 supersedes earlier resolution where 3.5 paise per litre of petrol sold accrued to the Central Reserve Fund?

THE MINISTER OF STATE (INDEPENDENT CHARGE) OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI JAGDISH TYTLER): (a) and (b) Yes, Sir. A New Resolution superseding the Old Resolution about Central Road Fund was adopted by the Parliament in May, 1988, under which accruals to the Fund would be enhanced from 3.5 paise per litre of petrol to 5 per cent of the basic price of petrol and diesel. However actual augmentation of the Fund is still to take place.

## डाक-तार विभाग में पदोन्नति के पात्र हिन्दी अनुवादक

1472. **श्रीमती सुषमा स्वराज** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि डाक-तार विभाग में ग्रेड–I के हिन्दी अनुवादक तीन वर्ष सेवा करने के पश्चात् पदोन्नति के पात्र हो जाते हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि डाक-तार विभाग में प्रतिनियुक्ति पर कार्य कर रहे गैर-विभागीय ग्रेड–II के हिन्दी अनुवादक आठ वर्ष तक सेवा करने के पश्चात् पदोन्नति के पात्र हो जाते हैं ;

(ग) क्या यह सच है कि डाक-तार विभाग में कार्य कर रहे ग्रेड–II के विभागीय हिन्दी अनुवादक अपनी आठ वर्ष की सेवा पूरी कर लेने के पश्चात् भी पदोन्नति के पात्र नहीं होते हैं ; और

(घ) यदि हां, तो इस भेदभाव के क्या कारण हैं और क्या सरकार इस भाव को समाप्त करने का विचार रखती ?

**संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी०वी० रंगैया नायडू)** (क) डाक और दूर संचार विभागों में हिन्दी अनुवादक ग्रेड-I. इस ग्रेड में 3 वर्ष की नियमित सेवा के बाद हिन्दी अधिकारी के रूप में पदोन्नति के पात्र हैं।

(ख) जी नहीं ।

(ग) जी नहीं, हिन्दी अनुवादक ग्रेड-II इस ग्रेड में 5 वर्ष की नियमित सेवा के बाद हिन्दी अनुवादक ग्रेड-I के पदों पर पदोन्नति के पात्र हैं ।

(घ) प्रश्न ही नहीं उठता ।

## बिहार और उत्तर प्रदेश में बिलों का विलम्ब से भुगतान किए जाने के कारण टेलीफोन कनेक्शनों का काट दिया जाना

1473. **डा० जिनेन्द्र कुमार जैन** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1991 में बिहार और उत्तर प्रदेश में अनेक टेलीफोन कनेक्शन इस लिए काट दिए गए हैं क्योंकि उनके बिलों का भुगतान समय पर नहीं किया गया ;

(ख) यदि हां, तो जुलाई के प्रथम सप्ताह तक दोनों राज्यों में ऐसे कितने-कितने टेलीफोन के कनेक्शन काट दिये गए हैं ;

(ग) ऐसे टेलीफोनों की संख्या कितनी है जिनके कनेक्शन, बिलों का भुगतान करने की निर्धारित तारीख समाप्त हो जाने के पश्चात् भी बिलों का भुगतान न करने के के कारण नहीं काटे गए हैं ;

(घ) इन टेलीफोनों में से कितने टेलीफोन सरकारी क्षेत्र में हैं और कितने निजी क्षेत्र में हैं; और

(ङ) भुगतान करने की निर्धारित तारीख बीत जाने के पश्चात् भी बिलों का भुगतान न किए जाने के कारण टेलीफोन कनेक्शन न काटे जाने के क्या कारण हैं ?

**संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी० वी० रंगैया नायडू)** (क) से (ड) संबंधित यूनिटों से जानकारी मांगी गई है और इसे यथाशीघ्र सभा पटल पर रख दिया जाएगा।

### प्रतिनिधि मंडलों के विदेशों के दौरे

1474. **डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :** क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत वर्षों में अनेक औद्योगिक या वाणिज्यिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक प्रतिनिधि मंडलो ने विदेशों का दौरा किया था ;

(ख) यदि हां, तो पिछले दो वर्षों अर्थात् 1989-90 और 1990-91 के दौरान उपर्युक्त प्रतिनिधि मंडलों में से कितने-कितने प्रतिनिधि मंडल सरकारी खर्च पर विदेशों को भेजे गये थे ; और

(ग) विदेशों को भेजे गए इन प्रतिनिधि मंडालो पर प्रति वर्ष कुल कितनी-कितनी धनराशि व्यय की गई ;

**विदेश मंत्री (श्री माधव सिंह सोलंकी) :** (क) जी, हां।

(ख) और (ग) अपेक्षित सूचना विभिन्न मंत्रालयों से एकत्र की जा रही है और एकत्र होने पर इसे सदन की मेज पर रख दिया जाएगा।

### मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों को चार लेन का बनाया जाना

1475. **श्री अजीत जोगी :**

**कुमारी सईदा खातून :**

क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में इस समय कौन-कौन से राष्ट्रीय राजमार्गों को चार लेन के मार्ग में बदला जा रहा है;

(ख) चालू वित्तीय वर्ष और आगामी दो वर्षों में इस कार्य पर कितनी धनराशि व्यय किए जाने का विचार है; और

(ग) अन्य महत्वपूर्ण राजमार्गों पर यह कार्य कब तक शुरु किया जायेगा ?

**जल-भूतलल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री जगदीश टाइटलर) :** (क) और (ख) मध्य प्रदेश से गुजरने वाले किसी भी राष्ट्रीय राजमार्ग को इस समय चार लाईन का नहीं बनाया जा रहा है। तथापि राष्ट्रीय राजमार्ग 3 के इंदौर-देवास खंड को चौड़ा करके चार लाईन का बनाने और इंदौर शहर के चारों ओर चार लेन का उपमार्ग बनाने का प्रस्ताव है जिनकी अनुमानित लागत क्रमश: 26.44 करोड़ रुपये और 57.88 करोड़ हैं। इन परियोजनाओं को प्रस्तावित द्वितीय राष्ट्रीय राजमार्ग ऋण के लिए विश्व बैंक को प्रस्तुत किया गया है, जिसको बैंक द्वारा अभी अन्तिम रूप से अनुमोदित नहीं किया गया है। वार्षिक योजना 1991-92 में इन कार्यों के लिए क्रमश: 25 लाख रु० और 50 लाख रु० का अन्तिम प्रावधान किया गया हैं। अगले दो वर्षों में इन कार्यों के लिए किए जाने वाले आवंटन को अभी से नहीं बताया जा सकता क्योंकि यह योजना परिव्ययों पर निर्भर होगा।

(ग) चूंकि अभी आठवीं योजना को अन्तिम रूप नहीं दिया गया है इसलिए इसके बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता।

### Open Corridor for American Military Air craft

1476. SHRI SANTOSH BAGRODIA: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that American military aircraft were allowed open corridor during the last three years;

(b) if so, when was it allowed and upto what period; and